दिन– सोमवार दिनांक– 14 / 09 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स के सभी सदस्य देशों के नेताओं का दिल्ली शिखर सम्मेलन को सफल और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

02. गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – इक्कीस राज्यों में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकारें वर्ष दो हजार उनतीस से पहले समान नागरिक संहिता–यूसीसी लागू करेंगी।

03. ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा – राज्य सरकार केन्द्र के सहयोग से बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचा रही है हर सम्भव सहायता।

04. और, देशभर में गणेश चतुर्थी का पर्व आज श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को सफल और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए सभी सदस्य देशों के नेताओं का आभार व्यक्त किया है। दो दिन के शिखर सम्मेलन के विशेष क्षणों को दर्शाने वाला एक वीडियो प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया गया है। वीडियो में प्रधानमंत्री के शिखर सम्मेलन भाषण का एक अंश दिखाया गया है, जिसमें उन्होंने कहा कि ब्रिक्स के माध्यम से भारत ने विश्व स्तर पर मित्रता, साझेदारी और सहयोग को आगे बढ़ाया है।

–––साउंड बाईट–––

बारह और तेरह सितंबर दो हजार छब्बीस को भारत की मेजबानी में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें समूह के ग्यारह सदस्य देशों और दस सहयोगी देशों के नेताओं सहित कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भी भाग लिया।

---

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि इक्कीस राज्यों में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकारें दो हजार उनतीस से पहले समान नागरिक संहिता–यूसीसी लागू करेंगी। मुंबई में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कई राज्यों में यूसीसी लागू हो चुका है और दो हजार उनतीस से पहले भाजपा–एनडीए शासित सभी इक्कीस राज्यों में इसे लागू कर दिया जाएगा।

–––साउंड बाईट–––

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की पचहत्तर प्रतिशत हाजिरी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। श्री चौधरी ने पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि विद्यार्थी नियमित रूप से कॉलेज आयेंगे और शिक्षकों के साथ संवाद करेंगे तभी इन संस्थानों की स्थापना का वास्तविक उद्देश्य पूरा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के युवाओं के भविष्य को ऊंचाई तक पहुंचाना शिक्षकों की जिम्मेवारी है।

———साउंड बाइट———

---

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने लोगों से पंचायत स्तर की योजनाओं की लगातार निगरानी करने की अपील की है। बांका में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री प्रकाश ने कहा कि पंचायत भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम ग्रामीणों की निगरानी रहने से पंचायत और बेहतर ढंग से काम करेगी।

———साउंड बाइट———

---

जनता दल यूनाइटेड के विधायकों और विधान परिषद सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक अठारह सितंबर को पटना में होगी। जदयू के वरिष्ठ नेता और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बैठक में विधायकों को विधायी कार्यों की जानकारी दी जाएगी। प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण और कार्य स्थगन जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भी शामिल होने की संभावना है।

---

आज हिंदी दिवस है। इसी दिन वर्ष उन्नीस सौ उनचास में संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिंदी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। हिंदी दुनिया की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। यह बावन करोड़ से ज्यादा लोगों की पहली भाषा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज मुंबई में हिन्दी दिवस कार्यक्रम और छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में शामिल होंगे। प्रदेश में हिन्दी दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मलेन में आयोजिज कार्यक्रम में हिन्दी सेविओं को सम्मानित किया जायेगा। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेशवासियों को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी है।

---

प्रदेश में बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है। राज्य के पन्द्रह जिलों में अड़तालीस लाख से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित हैं। आपदा प्रबंधन विभाग ने प्रभावित आबादी तक भोजन, राहत सामग्री और दूसरी जरूरी सुविधाएं पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर इंतजाम किए हैं। बाढ़ प्रभावित जिलों में एक हजार दो सौ इक्यावन सामुदायिक रसोई केंद्रों के माध्यम से अब तक लगभग अट्ठासी लाख चौवन हजार लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया है। तेरह राहत शिविरों में बारह हजार दो सौ साठ लोगों के लिए आवासन, भोजन और चिकित्सा की व्यवस्था की गई है।

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बाढ़ की आपदा के समय में राज्य सरकार गंभीरता से राहत और बचाव के कार्य में जुटी हुयी है। श्री कुमार ने पटना में संवाददाओं से बातचीत करते हुए कहा कि बाढ़ पीड़ितों तक सहायता पहुंचाने में केंद्र सरकार पूरा सहयोग कर रही है।

———साउंड बाइट———

---

प्रदेश में नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाओ देखा जा रहा है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार भागलपुर के सुल्तानगंज में गंगा का जलस्तर घट रहा है। गंगा और पुनपुन नदी का जलस्तर घटते ही पटना जिले के बाढ़ प्रभावित मोकामा, बख्तियारपुर औद दियारा इलाकों में संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुरसेला में कोसी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। खगड़िया में बूढ़ी गंडक, बेनीबाद में बागमती तथा दरौली और गंगपुर सिसवन में घाघरा लाल निशान से ऊपर है। इधर, वाल्मीकिनगर बराज पर गंडक का जलस्तर बढ़ने की प्रवृत्ति दर्ज की गई है। वीरपुर बराज पर कोसी का जलस्तर स्थिर है, जबकि इंद्रपुरी बराज पर सोन नदी का जलस्तर घट रहा है। जमुई के झाझा प्रखंड में भारी बारिश के दौरान बलियाडीह पंचायत के करमा गांव में सड़क पानी के तेज बहाव में बह गया है।

---

प्रदेश के अधिकतर भागों में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की गतिविधियों में कमी आयी है। इसके कारण विभिन्न स्थानों पर मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों में अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, शिवहर और सुपौल जिले में तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम स्तर की बारिश की संभावना जतायी है।

———साउंड बाइट———

---

देशभर में आज गणेश चतुर्थी का त्योहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

––बाईट–––

यह दिन ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के प्रतीक भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रुप में मनाया जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालु अपने घर में मिट्टी से बनी भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित करते हैं। दस दिन तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान प्रथम पूज्य की पूजा–अर्चना करते हैं। इस अवसर पर मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। हर तरफ भक्ति का माहौल है। गणेश चतुर्थी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। इधर, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेशवासियों को गणेश चतुर्थी की बधाई दी हैं।

––बाईट–––

---

हरतालिका तीज का त्योहार आज पारम्परिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष भाद्रपद माह के शुक्लपक्ष तृतीया को यह पर्व मनाया जाता है। इस दौरान महिलाएं अपने पति की लम्बी आयु और सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए उपवास और पूजा–अर्चना करती हैं। इधर, मिथिला में चौठ चंद्र का पर्व भी आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पर्व में संध्या काल में महिलाएं रोहिणी सहित चन्द्रमा की पूजा–अर्चना करती हैं। विभिन्न प्रकार के पकवान और फलों को उत्सर्ग कर चन्द्रमा को अर्घ्य समर्पित किया जाता है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेशवासियों को तीज और चौठ चन्द्र की बधाई दी है।

---

सहरसा में बच्चों के भोजन में कथित तौर पर छिपकली मिलने के मामले में शिक्षा विभाग ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बसदेवा के प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के आदेश पर यह कार्रवाई की गयी है। गौरतलब है कि विद्यालय में मध्याह्न भोजन करने के बाद लगभग पच्चीस बच्चे बीमार हो गये थे।

---

अररिया जिले के नरपतगंज प्रखंड में फुलकाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुरा पश्चिम गांव में मिट्टी धंसने से पास में खेल रहे दो बच्चों की दबकर मौत हो गयी। जबकि दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने राष्ट्रीय उच्च पथ पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया।

---

बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चौसा कोचस मुख्य मार्ग पर अखौरीपुर गोला के पास एक मोटरसाईकिल सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गयी। दुर्घटना में मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी।

---

सीवान के महाराजगंज में आयोजित मौनिया बाबा राजकीय महोत्सव में प्रसिद्ध लोक गायिका देवी और लोक गायक आलोक चौबे ने प्रस्तुति दी। देर रात तक लोगों ने कार्यक्रम का आनंद उठाया। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद जर्नाद्धन सिंह सिग्रीवाल और अन्य गणमान्य लोगों ने किया।

---

हैदाबाद में आयोजित प्रथम कैडेट राष्ट्रीय रोड साइकलिंग चैंपियनशिप के जूनियर वर्ग में कटिहर के पीयूष कुमार ने कांस्य पदक जीता है। बिहार साईकलिंग ऐसोसिएशन के अध्यक्ष जगजीवन सिंह और अन्य लोगों ने इस उपलब्धि पर पीयूष को बधाई दी है।

सीवान की रहने वाली पिंकी कुमारी को बिहार जूनियर बालिका फुटबॉल टीम का कप्तान बनाया गया है। पिंकी के नेतृत्व में राज्य की टीम आन्ध्र प्रदेश के आनंदपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– ब्रिक्स सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिखर सम्मेलन के समापन सत्र में चिंता जताई, प्रधानमंत्री ने कहा– खनिजों को हथियार न बनाये।

दैनिक जागरण ने इसी खबर को अपनी लीड बनाते हुये लिखा है– जय हो दिल्ली, अब बीजिंग में मिलेंगे।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– बिहार में सौर ऊर्जा से जुड़ेंगी सिंचाई, आशा मॉडल सिंचाई अब डीजल और महंगी बिजली से राहत मिलेगी।

प्रभात खबर ने खेल से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– सीनियर महिला क्रिकेट से जूनियर पुरूष और महिला हॉकी तक भारत ने जीते तीन एशिया कप खिताब।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स के सभी सदस्य देशों के नेताओं का दिल्ली शिखर सम्मेलन को सफल और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

02. गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – इक्कीस राज्यों में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकारें वर्ष दो हजार उनतीस से पहले समान नागरिक संहिता–यूसीसी लागू करेंगी।

03. ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा – राज्य सरकार केन्द्र के सहयोग से बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचा रही है हर सम्भव सहायता।

04. और, देशभर में गणेश चतुर्थी का पर्व आज श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।